केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406
भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 299 गुरूवार 23 मई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### मतदाताओं को डराने, धमकाने पर दें जानकारी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता**

बस्ती । जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने सभी व्यक्तियों से अपील किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए प्रचार अवधि समाप्त होने वाली है, उडन दस्ता तथा स्थैतिक निगरानी टीमों के माध्यम से सतर्कता बढ़ा दी गई है। उन्होने कहा कि रू0 50,000 से अधिक नकदी रखने वाले किसी भी व्यक्ति को इसके साथ सहायक दस्तावेजों को भी रखना चाहिए।

उन्होने कहा कि रिश्वतखोरी या मतदाताओं को डराने–धमकाने के मामले न केवल निर्वाचन संबंधी अपराध है, बल्कि भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत भी दंडनीय है। इस लिए सभी को इस तरह की गतिविधियों से बचना चाहिए तथा इस तरह की घटनाओं की जानकारी को तुरन्त टोल फ्री न0 1800–180–1950, कन्ट्रोल रूम न० 05542–247132 तथा व्यय अनुवीक्षण शिकायत सेल न० 8765923622 पर सूचित कर सकते है।

### फोन पर मिली धमकी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता**

विक्रमजोत(बस्ती)। परसरामपुर थानाक्षेत्र के केशवपुर गांव निवासी विनय मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि अयोध्या में रहने वाले मेरे बड़े भाई विनीत कुमार मिश्रा जब अपने पैतृक गांव केशवपुर गये हुए थे तो उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने भद्दी भद्दी गाली देते हुए धमकी भरे अंदाज मे फोन कर कहा कि बडौदा के पूर्व प्रधान रामजनम यादव को परेशान करना बंद कर दो वरना जान से हाथ धो बैठो गे। फोन पर मिली धमकी से विनय कुमार मिश्रा का पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है। इस संबध में थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच चौकी इंचार्ज सर्वेस चौधरी को सौपा गया है

### बाईक की ठोकर से घायल

**–भारतीय बस्ती संवाददाता**

बनकटी (बस्ती)। लालगंज थाना क्षेत्र के बस्ती–महुली मार्ग पर गौरा उपाध्याय गाँव के पास अज्ञात बाईक की ठोकर से बाइक सवार की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार मुंडेरवा थाना क्षेत्र के डड़वा काँची गाँव निवासी घिराऊ मौर्या (60) वर्ष पुत्र राम भुआल मौर्या कैली अस्पताल से अपने दामाद के हाथ का कल आपरेशन के लिए डाक्टर से बात चीत कर बेटी दामाद के साथ घर वापस आ ही रहे थे कि गौरा उपाध्याय गाँव के पास अज्ञात बाइक से साइड लग जाने से वह विजली के पोल से टकरा गए जिससे घिराऊ के सिर में गंभीर चोट आई है ग्रामीणों की मदद से से एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां पर उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### गठबंधन की जीत के लिये भाकपा माले ने झोंकी ताकत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी की जीत के लिये भाकपा माले ने ताकत झोंक दिया है। प्रभारी का. रामलौट ने दावा किया कि ईवीएम में मनमानी न हुई तो राम प्रसाद चौधरी रेकार्ड मतों से चुनाव जीतेंगे। कहा कि दलित, अल्पसंख्यक के साथ ही सर्व समाज के लोग राम प्रसाद चौधरी की जीत के लिये मन बना चुके हैं और 25 मई को लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिये भारी मतदान होगा।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से का. रामलौट ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के भ्रमण के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि दलित समाज का बडा हिस्सा गठबंधन के साथ है। लोग भाजपा के जन विरोधी नीतियों से परेशान होकर बदलाव के पक्ष में हें।

# बस्ती में बोले मोदी–विकास के रूप में आपके आशीर्वाद को लौटाऊंगा






**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बस्ती मण्डल के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बुधवार को बस्ती के हथियागढ़ पालीटेक्निक कालेज के परिसर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया । हेलीपैड पर स्वागत करने गए भाजपा पदाधिकारियों से लगभग 10 मिनट तक प्रधानमंत्री ने चुनाव का जायजा लिया। वहा से कार द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, मंचासीन नेताओ ने प्रधानमंत्री ने किया स्वागत किया। मंच पर पहुंचते ही भोजपुरी में कहां सब भईया बहिनिन के राम राम।

जनसभा में उमड़े लोगां को देखकर मोदी ने कहा हमारी व्यवस्था छोटी पड़ गई और लोग मुझे आशीर्वाद देने बड़ी संख्या में आये है। पंडाल भर जाने के कारण लोग धूप में खड़े रहे जिसे देखकर प्रधानमंत्री ने लोगो से क्षमा मांगा और कहा मैं विकास के रूप में आपके आशीर्वाद को लौटाऊंगा। मोदी ने कहा मैं पहले भी यहा आया हूँ पर ऐसा दृश्य देखने का सौभाग्य नही मिला था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कहा कि देश में पांच के चरण चुनाव हो चुके हैं। पूरा इंडी एलाइंस ऐसी निराशा की गर्त में डूबा हुआ है कि अब उनको यह भी याद नहीं रहता है कि 2 दिन पहले क्या बोले थे। आज क्या बोल रहे हैं। जब 22 जनवरी बोलता हूं और देश बोल पड़ता है जय श्री राम।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस देश में बहुत लोग हैं। जिनको अपने बेटे का जन्मदिन याद नहीं है। अपनी पत्नी से बात करते हैं, शादी की तारीख भूल जाते हैं। लेकिन इस देश के बच्चे बच्चे को पता है 22 जनवरी 2024। मैं जब 22 जनवरी बोलता हूं और देश बोल पड़ता है जय श्री राम। अयोध्या में उस ऐतिहासिक दिन मैंने कहा था राम से राष्ट्र, विरासत से विकास, अध्यात्म से आधुनिकता। आज देश इसी मंत्र पर आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आज भारत का कद बढ़ा है। भारत का सम्मान बड़ा है। भारत अब वैश्विक मंचों पर बोलता है तो पूरी दुनिया बड़े ध्यान से सुनती है। भारत फैसला लेता है तो दुनिया तो दुनिया उसके साथ अपने कदम मिलाने की कोशिश करती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जो आतंक का पोषक देश हमें आंखें दिखाता था धमकियां देता था। आज उसकी हैसियत न घर का न घाट वाली हो गई है। अनाज भी उनको नसीब नहीं होता है। पाकिस्तान तो पस्त पड़ गया है। तंज कसते हुए आगे कहा कि उसके हमदर्द सपा कांग्रेस वाले अब भारत को डराने में जुटे हैं। उनको मालूम नहीं है कि 56 इंच क्या होता है। वह कहते हैं पाकिस्तान से डरो। फिर कहते हैं उसके पास एटम बम है। मोदी ने पूछा कि भारत को डरना चाहिए क्या? आगे बोले भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं है। भारत में मोदी की मजबूत सरकार है। अगर डरना है तो वह लोग डरें जो मानवता में विश्वास नहीं करते। जो आए दिन खून की नदियां बहाते हैं। भारत न किसी से डरता है और न ही किसी को डराना चाहता है। लेकिन हमें डराने वालों को हम कभी भी बख्शेंगे नहीं। इसीलिए भारत आज घर में घुसकर मारता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निशाने पर सपा कांग्रेस ही रहे। कहा कि दोनों शहजादे अब मिलकर अफवाह उड़ा रहे हैं कि यूपी की 79 सीट जीत जाएंगे। पहले सुना करता था कि लोग दिन में सपने देखते हैं, अब पता लगा दिन में सपना देखने का मतलब क्या होता है। 4 जून को यूपी की जनता इनको नींद से जगाने



–रैली में समर्थकों के साथ पहुंचे रमाकान्त पाण्डेय



वाली है और तब यह हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे। इंडी गठबंधन की परिवार वादी पार्टियों ने तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी है। सपा के बड़े नेता कहते हैं राम मंदिर तो बेकार है। राम मंदिर जाने वाले राम भक्त पाखंडी हैं।

प्रधानमंत्री ने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि देश 500 वर्षों से राम मंदिर की प्रतीक्षा कर रहा था। लेकिन यह इंडी गठबंधन वालों को राम मंदिर और राम से परेशानी है। सपा के बड़े नेता कहते हैं राम मंदिर तो बेकार है। सपा खुलेआम कहती है राम मंदिर जाने वाले राम भक्त पाखंडी हैं। इंडी गठबंधन के एक नेता ने कहा राम मंदिर अपवित्र है। यह लोग सनातन धर्म के विनाश की बात करते हैं। और इन सब की आका कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस के शहजादे तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, जिसके कारण राम मंदिर बना है वह फैसला बदलना चाहते हैं। यह राम मंदिर पर बाबरी ताला लगाने का सपना देख रहे हैं। राम लला को फिर से टेंट में भेजना चाहते हैं। इसी कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान के खत्म करने की भरपूर कोशिश की थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस तो अपनी पार्टी का संविधान नहीं मानती है। कहा कि कांग्रेस और सपा वालों को अचानक संविधान की याद आ गई है। इसी कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान के खत्म करने की भरपूर कोशिश की थी।यही कांग्रेस है जो खुद का और पार्टी का संविधान नहीं मानती। यह परिवार बिहार के एक अति पिछले समाज के एक व्यक्ति सीताराम केसरी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष थे। इनको पिछड़ों और दलितों से पता नहीं क्या नाराजगी है कि एक शाम को मैडम सोनिया जी की टोली कांग्रेस दफ्तर में घुस गई। और अति पिछड़े समाज के सीताराम केसरी को बाथरूम में बंद कर दिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बाथरूम में बंद कर दिया। फिर उनको फुटपाथ पर फेंक दिया और रातों–रात मैडम सोनिया जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठा दिया। वहीं, सपा जिसने हमेशा दलितों के आरक्षण का विरोध किया। अब संविधान की भावना के खिलाफ जाकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात कर रहे हैं। यह लोग दलितों पिछड़ों का आरक्षण छीन कर वोट जिहाद करने वालों को देना चाहते हैं। जहां कांग्रेस सरकार है वहां उन्होंने संविधान के पीठ में छुरा घोंपकर कानून बना दिया। कांग्रेस मुसलमानों का आरक्षण देने के लिए बाबा साहब आंबेडकर का संविधान बदलना चाहती है। सपा भी इस दलित पिछड़ा विरोधी षड्यंत्र में कांग्रेस के साथ खड़ी है।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार विकास भी विरासत भी, इस मंत्र को लेकर चल रही है। यह क्षेत्र तो वैसे भी अयोध्या के करीब है। सरकार जो राम सर्किट विकसित कर रही है, उसके अंदर महर्षि वशिष्ठ, श्रृंगी ऋषि के आश्रम पर विकास के कार्य हुए हैं। 84 को परिक्रमा यहीं मखौड़ा धाम से शुरू होती है। जिसका शिलान्यास हो चुका है। राम जानकी मार्ग का विकास हुआ है। सरयू से जलमार्ग बनाने का काम किया है। यह तो अभी केवल ट्रेलर है बहुत बड़े–बड़े काम होने हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सपा ने यूपी को केवल बदनामी दी है। बहन बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था। लोग जमीन खरीदने से डरते थे। जमीन खरीदी तो कोई न कोई माफिया कब्जा करने आ जाता था। आपको याद है कैसे गुंडे माफिया सपा के मेहमान होते थे। दंगाइयों को स्पेशल प्रोटोकॉल मिलता था। आतंकवादी को जेल से छोड़ने का फरमान जारी होता था। बीजेपी को यूपी में बहुत समय पुराने गड्ढे मिले। इस गड्ढे को गढ़ को भरने के लिए योगी जी और उनकी पूरी सरकार को बहुत ताकत लगानी पड़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरा एनडीए बस्ती में एक मंच पर है। क्या आपने कभी इंडी गठबंधन को इस तरह एक मंच पर देखा है। मोदी आगे बोले कि इन लोगों ने इस क्षेत्र को बर्बाद करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। गन्ना किसानों को भुगतान नहीं होता था। योगी जी ने बताया चीनी मिलों को कौड़ियों के दाम बेचा जाता था। सड़कों की हालात बदहाल थी। 2017 में वादा किया था यह हालत में बदलूंगा। आज यहां बंद चीनी मिलों को शुरू कर दिया गया है। मुण्डेरवा और पिपराइच में वह वादा पूरा हुआ। बस्ती, सिद्धार्थनगर और डुमरियागंज की कनेक्टिविटी लगातार काम हो रहा है। मनवर संगम ट्रेन यहां से चल रही है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस हो या बस्ती पीलीभीत फोरलेन का हाईवे हो, बस्ती रिंग रोड हो इस क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाली है। इससे बस्ती के चीनी उद्योग, संत कबीर नगर के पीतल से बने उत्पादों और महाराजगंज के फर्नीचर उद्योग को नई ताकत मिलेगी। युवाओं को रोजगार मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्ती से भाजपा उम्मीदवार व मौजूदा सांसद हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज से भाजपा उम्मीदवार व मौजूदा सांसद जगदंबिका पाल और संतकबीरनगर से उम्मीदवार व सांसद प्रवीण निषाद के पक्ष में समर्थन मांगा।

मंच पर मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ, सांसद व लोकसभा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, सांसद व लोकसभा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल, सांसद व लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण कुमार निषाद, केन्द्रीय राज्य मन्त्री , राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल अनुप्रिया पटेल, मन्त्री , राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभासपा ओम प्रकाश, कैबिनेट मन्त्री राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी संजय निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय , प्रभारी मन्त्री राकेश सचान, मन्त्री दारा सिंह चौहान जी, एम०एल०सी , प्रदेश महामन्त्री सुभाष यदुवंश, एम०एल०सी० , प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा त्रियम्बक त्रिपाठी, रैली इंचार्ज प्रदेश प्रवक्ता डॉ समीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शीतल सिंह, प्रदेश मन्त्री महिला मोर्चा ममता पाण्डेय, राज्य मंत्री दानिश आजाद अन्सारी, राज्य मन्त्री डॉ धर्मवीर प्रजापति, विधायक पूर्व मन्त्री श्रीराम चौहान , विधायक , पूर्व मन्त्री जय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर कन्हैया पासवान, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, जिलाध्यक्ष संत कबीर नगर जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, सांसद बाबूराम निषाद, विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक अनिल कुमार तिवारी, विधायक श्याम धनी राही, विधायक गणेश चन्द्र चौहान, विधायक विनय वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष बस्ती संजय चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष संत कबीर नगर बलराम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, अध्यक्ष – नगर पालिका बस्ती नेहा वर्मा, रैली सह प्रभारी , लोकसभा इन्चार्ज संत कबीर नगर रजनीकान्त मणि त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी बस्ती सेतभान राय, लोकसभा संयोजक बस्ती, केडी चौधरी, पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक महादेवा रवि सोनकर, पूर्व मन्त्री राज किशोर सिंह, पूर्व विधायक बस्ती सदर दयाराम चौधरी, लोकसभा संयोजक संत कबीर नगर राम ललित चौधरी, पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल, पूर्व सांसद इन्द्रजीत मिश्र, पूर्व विधायक , विधानसभा प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश शुक्ल, क्षेत्रीय मन्त्री हरी चरन कुशवाहा, जिला प्रभारी संतकबीर नगर अजय सिंह गौतम, रैली को इंचार्ज ६ लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक राम कुमार कुँवर, अध्यक्ष नगर पंचायत नगर नीलम सिंह, अध्यक्ष नगर पंचायत उस्का बाजार मंजू जायसवाल और अध्यक्ष नगर पंचायत हैसर रिन्कू मणि के साथ ही पवन कसौधन, सुशील सिंह, अमृत कुमार वर्मा, नितेश शर्मा, राजेश पाल चौधरी, अभिनव उपाध्याय, परमेश्वर शुक्ल पप्पू, आलोक पाण्डेय, कुंवर आनन्द सिंह, अनिल दुबे, आदित्य श्रीवास्तव, भानु प्रकाश मिश्र, रमाकान्त पाण्डेय, राम चरन चौधरी, योगेन्द्र सिंह, श्रीश पाण्डेय, चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा, शिव चरन जयसवाल, समीर चौहान, सुनील त्रिपाठी, जवाहर जयसवाल, देवेन्द्र सिंह, आत्मा पाठक, राम श्रृंगार ओझा, बलराम सिंह, अनिल पाण्डेय, राजेंद्र गुप्ता, विधानसभा संयोजक सुखराम गौड़, राधेश्याम कमलापुरी, जटाशंकर शुक्ल, अपना दल के जिलाध्यक्ष राजमणि पटेल, राना नागेश सिंह, विनोद सिंह, निर्मल सिंह, उमाशंकर पटवा, विजय गुप्ता, दीपक सोनी, अवनीश सिंह, अश्वनी श्रीवास्तव, नीरज पाण्डेय, राम नयन पटेल, सुखराम पटेल, अमित शुक्ल, रामकुमार पटेल, संजय चौधरी, महिपाल पटेल, पूर्व प्रमुख अरविंद सिंह, चेयरमैन प्रबल मलानी, वरुण पाण्डेय मौजूद रहे।

# राजा भैया की पार्टी ने दिया सपा को समर्थन





**प्रतापगढ (आभा)।** यूपी के बाहुबली नेता और कुंडा से विधायक राजा भैया ने भले ही किसी दल को समर्थन नहीं देने का ऐलान किया है लेकिन उनकी पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने बुधवार को प्रतापगढ़ में सपा का समर्थन कर दिया। यह भी घोषणा कर दी कि गुरूवार को प्रतापगढ़ में होने वाली अखिलेश यादव की रैली में जनसत्ता दल के नेता और कार्यकर्ता अपना झंडा और बैनर लेकर जाएंगे। राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष रामअचल वर्मा ने सपा प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल से भी मिलकर उनको समर्थन की घोषणा कर दी है। नए राजनीतिक घटनाक्रम से कौशांबी के बाद प्रतापगढ़ में भाजपा की मुश्किलें बढ़नी तय मानी जा रही हैं। प्रतापगढ़ में तीन दिन बाद 25 मई को वोटिंग हैं। इससे पहले कौशांबी में चुनाव वाले दिन ही राजा भैया ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ भारी नाराजगी की बात कहकर अपने इरादे साफ करते हुए समर्थकों को खुला इशारा भी कर दिया था।

सपा प्रत्याशी से मुलाकात के बाद जिला अध्यक्ष राम अचल वर्मा ने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों की एक बैठक हुई है। इस बैठक में फैसला लिया गया है कि हम लोग भाजपा को हराने के लिए सपा को समर्थन देंगे और सपा का प्रचार भी करेंगे। इसके साथ ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रैली में भी जनसत्ता दल के हजारों कार्यकर्ता अपनी पार्टी का झंडा और टोपी लगाकर जाएंगे।

# मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर जुटने लगे किसान



नई दिल्ली (आभा)। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी यूपी, उत्तराखंड और राजस्थान के हजारों किसान शंभू बॉर्डर पर इकट्ठा होना शुरू कर चुके हैं। शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन का शुक्रवार को 100वां दिन है। इसी को देखते हुए हजारों की तादात में किसान कूच कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही किसानों का धरना स्थल पर आना शुरू हो गया है। हालांकि किसानों ने ग्राउंड जीरो पर एक बड़ा पंडाल लगाया है, लेकिन स्थल के पास कई छोटे टेंट भी लगाए गए हैं। विरोध स्थल पर लगे पंडाल में बड़ी संख्या में किसान बैठे हैं। तेरह फरवरी को सुरक्षा बलों द्वारा दिल्ली की ओर मार्च रोके जाने के बाद प्रदर्शनकारी किसान अभी भी शंभू और खनौरी सीमाओं पर हैं।

ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, तिरपाल की चादरें, पंखे और रेफ्रिजरेटर वाले ट्रैक्टर–ट्रॉली को घर में बदल दिया गया है। हालांकि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास है और मौसम विभाग ने गंभीर लू की चेतावनी जारी की है। वहीं किसान नेताओं को साइट पर लगभग 40,000 किसानों के इकट्ठा होने की उम्मीद है। पंजाब पुलिस ने भी यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए नाके लगाए हैं।

बुधवार की रणनीति पर चर्चा करते हुए, हरियाणा के बीकेयू (शहीद भगत सिंह) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहरी ने जाट नेता अशोक बुलारा के साथ कहा, "हम एमएसपी की कानूनी गारंटी और डॉक्टर स्वामीनाथन के फॉर्मूले सी2 प्लस 50 प्रतिशत के अनुसार इसका निर्धारण चाहते हैं। इसके अलावा, हम किसानों और कृषि श्रमिकों की कुल कर्ज माफी, 10,000 रुपये प्रति माह की सामाजिक सुरक्षा, लखीमपुर खीरी के किसानों के लिए न्याय और सरकारी खर्च पर फसल बीमा योजना चाहते हैं।'

# पूर्वान्चल में लोकतंत्र, संविधान बचाने के लिये गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में है लहर-बसन्त चौधरी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता**





बस्ती। लोकसभा चुनाव के निर्णायक क्षणों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी बसन्त चौधरी ने ताकत झोंक दिया है। उन्होने बस्ती आये मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को पूर्वान्चल के राजनीतिक परिदृश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इसी सिलसिले में गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी के लिये चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जमीनी जमीनी राजनीतिक सच्चाईयों से अवगत कराया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी देते हुये कांग्रेस नेता बसन्त चौधरी ने दावा किया कि आगामी 25 मई मतदान से पूर्व लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिये मतदाताओं का ध्रुवीकरण हो गया है। कहा कि कांग्रेस और सपा के घोषणा पत्र पर जनता का भरोसा बढा है। बेरोजगारी को लेकर युवाओं में आक्रोश है, अग्निवीर योजना को लेकर गुस्सा है। कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर केन्द्र में रिक्त 30 लाख पदो पर नियुक्ति के साथ ही गरीब महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रूपया दिया जायेगा। कांग्रेस नेता बसन्त चौधरी ने बताया कि लोकसभा के इस चुनाव में मंहगाई, बेरोजगारी, किसानों की घटती आय सबसे बडा मुद्दा है। इन स्थितियों को देखते हुये बस्ती से गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी जीत का रेकार्ड बनायेंगे।

# डायट में मतदाता जागरूकता का आयोजन, हुआ दिखावटी मतदान

**–भारतीय बस्ती संवाददाता**



बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को डायट प्राचार्य संजय शुक्ल के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत दिखावटी मतदान किया गया जिसमें प्रत्याशी के रूप में डायट प्रशिक्षु तथा वोटर के रूप में डायट प्राचार्य, प्रवक्ता, कार्यालय स्टाफ और डायट प्रशिक्षु रहे। मतदाता जागरूकता के अंतर्गत डायट परिसर में सेल्फी प्वाइंट, रैली, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने अपने संबोधन में डीएलएड प्रशिक्षुओं को मतदान के महत्व तथा चुनावी साक्षरता बढ़ाने हेतु निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। जिससे यह डीएलएड प्रशिक्षु अपने परिवार, आसपास एवं समाज के अन्य लोगों को चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करते हुए लोकतंत्र का महत्व समझा सकें। कहा कि चुनाव एवं मतदान शिक्षक प्रशिक्षण का भाग है। क्योंकि प्राथमिक विद्यालयों में भी बाल सभाएं आयोजित की जाती हैं। वहां भी बच्चों को इस तरह की जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व दिए जाने चाहिए। जिससे वह दायित्व निर्वहन कर सकें। शिक्षक एक लीडर होता है इसलिए इस तरह के आयोजन से सभी प्रशिक्षु चुनाव एवं मतदान की प्रक्रिया को समझें और जागरूक हों।

कार्यक्रम के संचालक प्रवक्ता डॉ रविनाथ एवं डॉ गोविंद ने कहा कि मतदान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है पर हमें मतदान निष्पक्ष रूप से करना चाहिए। किसी भी प्रकार के भय एवं लालसा से बचकर रहना चाहिए।

इस अवसर पर वर्षा पटेल, सरिता चौधरी, वंदना चौधरी, कुलदीप चौधरी, अलीउद्दीन खान, मोहम्मद इमरान, कल्याण पाण्डेय, शशि दर्शन त्रिपाठी, अजय प्रकाश मौर्य, अमन सेन आदि ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में अपना योगदान दिया।

*''मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता''–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
**भारतीय बस्ती**
बस्ती 23 मई 2024 गुरूवार

## सम्पादकीय

# क्या मुद्दा बन पाया अग्निवीर

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पहले 28 मार्च को एक टी.वी. चैनल के प्रोग्राम में और फिर 13 मई को एक राष्ट्रीय स्तर की अखबार को एक इंटरव्यू में अग्रिवीरों के सुरक्षित भविष्य का भरोसा देते हुए कहा था कि यदि अग्रिपथ स्कीम में त्रुटियां नजर आईं तो जरूरत पडने पर केंद्र सरकार बदलाव के लिए तैयार है। स्कीम का गुणगान करते हुए उन्होंने कहा कि इस तकनीकी तथा विज्ञान के युग में 17 से 21 साल की उम्र वाले कला–निपुण युवाओं में अधिक खतरा उठाने की भावना बढ़ेगी जोकि सेना के लिए सहायक होगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अग्रिवीरों के पुनर्वास के लिए पैरामिलिट्री सहित आरक्षण नीति लागू होगी।

रक्षामंत्री के भाजपा का संकल्प पत्र बनाने वाली कमेटी के चेयरमैन होने के नाते उनसे यह आशा की जा रही थी कि चुनावों को प्रभावित करने वाले इस ज्वलंत मुद्दे को मैनीफैस्टो में शामिल किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया कि यदि उनकी सरकार बनती है तो अग्रिपथ योजना रद्द कर दी जाएगी। 'इंडिया' गठजोड़ की चुनावी रैलियों में भी इस स्कीम को लगाम डालने वाले दावे किए गए। जेल से बाहर कदम रखते ही केजरीवाल ने 10 गारंटियों में अग्निपथ योजना को शामिल करते हुए कहा कि 'चार वर्षों के लिए युवाओं को भर्ती करने से सेना कमजोर होगी। ठेके के आधार पर युवाओं को भर्ती करने का यह सिलसिला बंद होगा और यह योजना भंग कर दी जाएगी।'

लोकसभा के ज्वलंत चुनावी अखाड़े में अग्रिपथ योजना देशभर के युवाओं के अनिश्चित भविष्य से जुड़ी होने के कारण राजनेताओं, राजनीतिक दलों तथा सूझवान वोटरों के लिए चर्चा तथा आकर्षण का केंद्र विन्दु बनी हुई है। सेना में लम्बे अर्से तक नौकरी कर सेवामुक्त होने के उपरांत 5 वर्षों से अधिक समय के लिए वह कारगिल युद्ध के दौरान बतौर डायरैक्टर सैनिक भलाई पंजाब देश के रखवालों की चुनौतियों, मनोवैज्ञानिक स्थिति, परिवारों की समस्याओं, जज्बात तथा पुनर्वास की चिंता, भलाई से संबंधित कानून नियमावली, केंद्र तथा राज्य सरकारों की नीतियों, आरक्षण की अधिसूचनाओं, भर्ती तथा एक्स सघ्वसमैन परिभाषा वगैहरा विषयों बारे पूरी जानकारी होने के नाते मैं अपनी पेशेवर तथा नैतिक जिम्मेदारी समझता हूं कि अग्रिवीर मुद्दे की पूर्ण समीक्षा की जाए ताकि 'दूध का दूध और पानी का पानी' निकल कर सामने आ सके और पता लगे कि यह विवादपूर्ण योजना देश के युवाओं, समाज, सेना तथा देश की सुरक्षा का पक्ष पूरा करती है या नहीं?

रक्षामंत्री द्वारा तीनों सशस्त्र सेनाओं के प्रमुखों की मौजूदगी में 14 जून 2022 को जब अचानक अग्रिपथ स्कीम का ऐलान कर दिया गया तो पक्की भर्ती के इंतजार में बैठे युवा भड़क उठे। योजना के अनुसार साढ़े 17 साल से 21 साल के बीच उम्र वाले 10/2 कक्षा पास 30 हजार प्रति महीना के हिसाब से वेतन, 4 वर्षों के लिए अस्थायी भर्ती, 25 प्रतिशत योग्य उम्मीदवार ही 15 साल तक नौकरी कर सकेंगे और बाकियों की कुछ वित्तीय लाभों के साथ छुट्टी कर दी जाएगी। पैंशन, कंटीन, ई.सी.एच.एस. जैसी योजनाओं से वंचित रखा जाएगा। इनकी प्रारंभिक सिखलाई 31 सप्ताहों के लिए तथा वर्ष में केवल 30 दिन की छुट्टी संभव होगी। तुलनात्मक विशखेषण करने से पता चलेगा कि पक्की भर्ती की आयु सीमा करीब 17 से 22 साल, 10ध्12 कक्षा पास, 44 हफ्तों की प्रारंभिक सिखलाई के उपरांत टैक्नीकल ट्रेड जैसे कि इंजीनियर सिग्रल, ई.एम.ई. राकेट, मिसाइल, थल सेना तथा हवाई सेना आदि में निपुण बनाने के लिए 4 से 8 साल का समय लगता है, वेतन भी 40 हजार से अधिक, 2 महीने की वाघ्षक छुट्टी तथा 30 दिन की कैजुअल छुट्टी। पैंशन तथा बाकी सुविधाएं भी बरकरार।

सरकार की यह सोच कि अग्रिपथ योजना सेना की औसतन आयु 32 से 26 साल तक घटाने से अधिक खतरा उठाने की क्षमता बढ़ेगी, फिर वर्ष 2020 में सेना की 2 साल के लिए सेवा में वृद्धि क्यों की गई? यदि बहादुरी का संबंध आयु से है तो सूबेदार जोगिन्द्र सिंह पी.वी.सी., हवलदार उमराव सिंह वी.सी., जमादार नंद सिंह वी.सी. तथा एम.वी.सी. और कैप्टन बाना सिंह पी.वी.सी. तथा 40 साल की आयु से अधिक कइयों ने कुर्बानियां दीं और देश का नाम रोशन किया। इसलिए सरकार की यह विचारधारा तर्कसंगत नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि केंद्र सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार पैरामिलिट्री में पूर्व सैनिकों के लिए 10 से 20 प्रतिशत तथा सरकारी व पी.एस.यू. में भी आरक्षण लागू है। पंजाब में नोटिफिकेशन के मुताबिक पूर्व सैनिकों वाला दर्जा तथा सुविधाएं केवल पैंशन प्राप्त सैनिकों के लिए लागू हैं, इसलिए जब तक अग्रिवीर ये निर्धारित शर्तें पूरी नहीं करते तब तक उनका पुनर्वास संभव नहीं। खैर, उत्तरी राज्यों विशेष तौर पर पंजाब, हिमाचल तथा हरियाणा में अग्रिवीर मुद्दा चुनावों को प्रभावित जरूर करेगा।

# खटाखट–फटाफट की सतही राजनीति



–विश्वनाथ सचदेव–



हमारे समय के महान कार्टूनिस्ट आर.के. लक्ष्मण ने अपने एक कार्टून में नेताओं के कार्टून न बनाने की बात की थी। उन्होंने लिखा था, 'अब मैं नेताओं के कार्टून नहीं बनाता, क्योंकि अब स्वयं कार्टून नेता बनने लगे हैं।' बरसों पहले बनाया गया था यह कार्टून, और लक्ष्मण के बनाये अनेक कार्टूनों की तरह यह आज भी प्रासंगिक हैदृ शायद उस समय से कहीं ज्यादा जब यह कार्टून बनाया गया था। इस कार्टून में लक्ष्मण का ट्रेडमार्क 'आम आदमी' हैरानी और चालाक–सी मुस्कान के साथ इस घोषणा को होते सुन–देख रहा है! आज भी आम आदमी के चेहरे पर वही मुस्कान है। पत्रकारिता में कभी कहा जाता था, 'एक चित्र सौ शब्दों के बराबर होता है। यही बात कार्टून पर भी लागू होती है। जहां तक नेताओं के कार्टून बन जाने का सवाल है आज की राजनीति में इसके उदाहरण खोजने की आवश्यकता नहीं हैदृ एक ढूंढ़ो हजार मिलते हैं।

चुनावों का मौसम अभी चल रहा है। कुछ ही दिन में चुनाव के परिणाम भी आ जाएंगे, नई सरकार बन जायेगी। नये–पुराने नेता कुर्सियां संभालेंगे। तब किसी लक्ष्मण के 'आम आदमी' के चेहरे पर वैसी ही मुस्कान होगी जो उस कार्टून में दिख रही थी। पर आज की राजनीति को देखते हुए यह समझना जरूरी है कि मुस्कुराना पर्याप्त नहीं है। यह स्थिति अपने आप में कम पीड़ादायक नहीं है कि हमारी राजनीति का स्तर लगातार नीचे खिसक रहा है। देश के राजनीतिक नेतृत्व ने इस चुनाव–प्रचार के दौरान नई गिरावट को छूने का जैसे एक रिकॉर्ड बनाया है। विभिन्न दलों के राजनेताओं में जैसे प्रतियोगिता चल रही थी घटिया राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत करने की। हमारी राजनीति सिद्धांतों और मूल्यों के बजाय जुमलों में सिमट कर रह गयी है। जुमले की भी एक नयी परिभाषा ईजाद की है हमारे नेताओं नेदृ आप चाहें तो इसे 'लफ्फाजी' नाम दे सकते हैं।

था कोई जमाना जब हमारे देश में चुनाव की तुलना यज्ञ से की जाती है। दूसरे आम चुनाव की बात है। चुनावी सभाओं में एक कविता सुनाई देती थीदृ 'ओ मतदाता, तुम भारत के भाग्य–विधाताध राजसूय सम भारत के हितध यह चुनाव है होने जाताध कागज का यह नन्हा–टुकड़ा भारत माता का संबल हैध वोट नहीं है तेरे कर में, महायज्ञ–हित तुलसी दल है।' आज हमारे राजनेता उस तुलसीदल के लिए झूठ और फरेब का सहारा ले रहे हैं। त्रासदी तो यह भी है कि जो जितना बड़ा नेता है वह उतना बड़ा झूठ बोल रहा है। घटिया बोलों की एक प्रतिस्पर्धा चल रही है। किसी भी प्रकार के शर्म या लिहाज के लिए हमारी राजनीति में जैसे कोई जगह नहीं बची।

हमारे नेता यह मानकर चल रहे हैं कि हल्की–फुल्की बातों से मतदाता को बरगलाया जा सकता है। ताजा उदाहरण 'खटाखट' वाली राजनीति का है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने एक चुनावी सभा में 'खटाखट–खटाखट' का प्रयोग क्या किया, राजनेताओं को जैसे नया खिलौना मिल गया। राहुल गांधी ने कहा था, 'मोदी अपने धनवान मित्रों को पैसा दे रहे हैं, पर मैं पैसा आपको दूंगा खटाखट–खटाखट। यहां खटाखट से उनका आशय तेजी से पैसा देना था। प्रधानमंत्री मोदी को यह शब्द पसंद आ गया और दूसरे ही दिन उन्होंने एक चुनावी सभा में 'खटाखट' शब्द के माध्यम से राहुल गांधी का मजाक उड़ाने का अभिनय किया। खटाखट शब्द में कहीं कुछ गलत नहीं है। वैसे ही जैसे 'दीदी, ओ दीदी' कहना कहीं से गलत नहीं लगता। पर पिछले चुनाव में जिस तरह 'ओ दीदी' उचारा गया था, उसे भद्र भाषा का उदाहरण तो नहीं कहा जा सकता। इस खटाखट शब्द की भी जिस तरह नकल उतारी गयी, उसे हास्यास्पद तो कहा ही जा सकता है!

राहुल गांधी ने अपने भाषण में देश की हर गरीब महिला के बैंक खाते में 8500 रुपये खटाखट जमा करवाने की बात कही थी। प्रधानमंत्री जी ने इस खटाखट शब्द से उनका मजाक उड़ाया जो खटाखट पैसा देने की बात कर रहे थे। मतदाताओं को अपने नेताओं से कुछ गंभीर आचरण की अपेक्षा भी होती है। लेकिन हमारे नेता तो मतदाता को बच्चों की तरह रिझाने में विश्वास करते हैं! प्रधानमंत्री मोदी न जाने कब से देश के मतदाताओं को पांच किलो अनाज से रिझा रहे हैं। पहले देश के अस्सी करोड़ गरीबों को कुछ अर्से के लिए प्रतिमाह पांच किलो अनाज दिया गया था, फिर चुनाव से ठीक पहले यह कह दिया गया कि अगले पांच साल तक यह खैरात बंटती रहेगी। अब कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा है कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वह पांच किलो के बजाय दस किलो अनाज प्रति माह देंगे। यही नहीं, यह बात कहीं इस तरह से कही जाती है मानो प्रधानमंत्री अथवा विपक्ष के नेता अपनी जेब से खर्च करके मतदाता को अनुगृहीत कर रहे हैं! लाभार्थी नाम दिया गया है सरकारी सहायता पाने वालों को। इसी तरह 'रेवड़ी बांटने' की बात भी हुई थी। सत्ताधारी पक्ष जनता को अनुदान देने को कल्याणकारी कार्य बताता है और विपक्ष की सरकारों को 'रेवड़ियां' न बांटने की सलाह देता है। चुनाव–प्रचार के इस सोच पर सवाल उठना ही चाहिए।

सवाल इस बात पर भी उठाना चाहिए कि पंथ–निरपेक्ष देश में धर्म के नाम पर वोट मांगने की इजाजत कैसे दी जा रही है? अयोध्या में बने राम मंदिर पर 'बाबरी ताला' लगाये जाने के षड्यंत्र की बात का आखिर क्या मतलब है? कैसे कोई राजनेता यह कह सकता है कि, 'तुम्हारे' मंगलसूत्र भी उनको दे दिये जाएंगे? यह 'तुम्हारे' कह कर किसे संबोधित किया जा रहा है और यह 'उनको' का क्या मतलब है? हमारे संविधान–निर्माताओं ने बहुत सोच–समझ कर देश को धर्म–निरपेक्ष घोषित किया था। विभाजन के समय देश में जो परिस्थितियां बन गयी थीं, उन्हें देखते हुए आसान नहीं था इस प्रकार का निर्णय लेना। संविधान–सभा में इस सबको लेकर पर्याप्त विचार–विमर्श हुआ था और पाकिस्तान को मुस्लिम राष्ट्र घोषित किये जाने के बावजूद हमने देश को धर्मनिरपेक्ष रखने का निर्णय लिया था। वस्तुतरू यह निर्णय मानवता के पक्ष में लिया गया था। सारी दुनिया को रास्ता बताया था हमनेदृ मनुष्यता का रास्ता। आखिर धर्म के नाम पर संकीर्णता वाली सोच हमें कहां ले जायेगी?


यह जनतांत्रिक मूल्यों की सफलता का ही एक उदाहरण है कि हमारे देश में नियम से चुनाव हो रहे हैं। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जनतांत्रिक मूल्यों को आचरण में उतारना ही इस सफलता की असली कसौटी है। इन्हीं मूल्यों का तकाजा है कि धर्म को राजनीति का हथियार बनाने की मानसिकता से उबारा जाये। यह 'हम' और 'वे' वाली राजनीति समाज को बांटने वाली है, हमें सिर्फ 'हम' वाली राजनीति की आवश्यकता है। 'हम भारत के लोग' ने अपने लिए एक संविधान बनाया था, यह हर भारतीय को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार देता हैदृ सबका साझा है यह अधिकार। इस अधिकार को खटाखट और फटाफट वाली घटिया राजनीति का शिकार नहीं होने दिया जा सकता। हमारे नेताओं की चुनावी सभाएं बताती हैं कि यह खटाखट वाली राजनीति उन्हें दाता बना रही है और नागरिक को इस दाता की कृपादृष्टि का पात्र।

यही नहीं अब हमारे नेता ऐसी गारंटियां भी देने लगे हैं, जिनका कोई आधार उनके पास नहीं है। इस 'गारंटी राजनीति' की शुरुआत कर्नाटक के पिछले चुनाव में कांग्रेस ने की थी, फिर भाजपा ने इसे लपक लिया। प्रधानमंत्री ने नहले पर दहला चलते हुए 'गारंटी पूरे होने की गारंटी' वाली चाल चली। अब यानी हमारी राजनीति के कर्णधार अपने आप को देश के सामान्य नागरिकों से भिन्न मानते हैं, कुछ ऊंचा मानते हैं। विषमता का यह चेहरा हमारी राजनीति का घटिया पक्ष ही दिखाता है। स्वस्थ राजनीति का तकाजा है कि राजनेता स्वयं को मतदाता का स्वामी न समझें। वे भी नागरिक मात्र हैं, बस उनकी भूमिका कुछ भिन्न है। पता नहीं यह स्थिति कब आयेगी, कब वे ऐसा समझेंगे?

–लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# बढ़ता तापमान अर्थव्यवस्था के लिए घातक

–ऋषभ मिश्रा–




वर्ष 2023 भारत के लिए अब तक का दूसरा सबसे गर्म वर्ष था। अब तक का सर्वाधिक गर्म साल 2016 रहा है। अगर वैश्विक स्तर पर बात करें तो पिछले 12 महीनों (अप्रैल 2023–मार्च 2024) में वैश्विक औसत तापमान 1991–2020 के औसत से 0.70 डिग्री सैल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। वर्ष 2024 में वैश्विक सतह का तापमान 20वीं सदी के औसत तापमान से 1.35 डिग्री सैल्सियस अधिक है। एक शोध के अनुसार, इस बात की 55 फीसदी आशंका है कि 2024 इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में रिकॉर्ड हो सकता है। वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) और जलवायु परिवर्तन का किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर मूलतरू दो तरीकों से प्रभाव पड़ता है। पहला, 'अल्पकालिक प्रभाव', जिसमें चरम मौसमी घटनाओं, जैसे बहुत ज्यादा गर्मी अत्यधिक ठंड या बेकाबू बारिश के कारण होने वाले प्रत्यक्ष प्रभाव शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, चरम मौसमी घटनाओं के कारण सिर्फ 2022 में ही भारत को लगभग 4.2 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। दूसरे प्रभाव धीमे मगर 'दीर्घकालिक' हैं। उदाहरण के लिए, भारतीय उपमहाद्वीप के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक दक्षिण–पश्चिम मानसून है। भारत की वार्षिक वर्षा का 75 प्रतिशत हिस्सा इसी से मिलता है। ग्लोबल वाघ्मग और जलवायु परिवर्तन की वजह से इसमें अनिश्चितता बढ़ी है। इसमें अनिश्चितता का मतलब कृषि उत्पादन, ऊर्जा आपूर्ति और फलस्वरूप रोजगार पर दीर्घकालीन भयावह असर है। इसके मुख्यतरू तीन असर हो सकते हैं।

गहरा सकता है खाद्य आपूर्ति संकट, बढ़ेगी महंगाई – बढ़ते तापमान और बेमौसमी बारिश से फसलों को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे उपज कम हो जाती है और बाजार में मांग बढ़ती है। जिसका सीधा संबंध महंगाई से है। उसके अलावा ऐसे नुकसान से निपटने के लिए राहत और बुनियादी ढांचे पर जो खर्च होता है उसका नतीजा तमाम लोगों के लिए करों में वृद्धि के रूप में निकलता है। यह हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को भी प्रभावित करती है क्योंकि सरकार उन फसलों के निर्यात पर पाबंदी लगा देती है, जिनकी उपज कम होती है। साल 2022 में बढ़ते तापमान की वजह से गेहूं का उत्पादन कम हुआ था और इस कारण भारत ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। जनवरी 2024 तक भारत में चीनी उत्पादन 5.28 प्रतिशत कम आंका गया है, जिसका प्रमुख कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपज का कम होना माना गया है। भारत पिछले 6 वर्षों से चीनी का निर्यातक रहा है। लेकिन अब विश्लेषक कयास लगा रहे हैं कि शायद अगले साल तक भारत को चीनी आयात भी करनी पड़ सकती है।

घटेंगे काम के घंटे, जा सकती हैं नौकरियां– बढ़ती गर्मी और विभिन्न चरम मौसमी घटनाओं का सीधा असर श्रम प्रधान क्षेत्रों पर बहुत ज्यादा पड़ेगा। इससे खेती–बाड़ी, निर्माण गतिविधियों, परिवहन और पर्यटन कारोबार खासे प्रभावित हो सकते हैं। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर हो सकता है। 'अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन' (आई.एल.ओ.) का अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव का सबसे अधिक सामना कृषि और निर्माण श्रमिकों को करना पड़ेगा। भारत में बढ़ती गर्मी के परिणामस्वरूप 2030 तक काम के घंटों में 5.8 प्रतिशत तक की गिरावट आने का अनुमान है, जो करीब 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के नुकसान के बराबर होगा। इससे जी.डी.पी. में अनुमानित 2.50 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है।

बढ़ेगी औद्योगिक लागत, समग्र विकास पर होगा असर – बढ़ता तापमान कच्चे माल यानी कृषि उपज और श्रम पर प्रभाव डालने के साथ औद्योगिक विकास को भी प्रभावित कर सकता है। इसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक बुनियादी ढांचे को प्रत्यक्ष नुकसान मानव संसाधन की उपलब्धता एवं उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव और कच्चे माल के भंडारण से सम्बंधित परिचालन लागत में वृद्धि शामिल है। उद्योगों को पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में अधिक निवेश करना पड़ सकता है, जिससे उत्पादन की लागत बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त समुद्र का बढ़ता स्तर बाढ़, चक्रवाती तूफान, भूस्खलन आदि सड़क, रेलवे और समुद्री मार्गों जैसे परिवहन साधनों को सीधे प्रभावित करेंगे, जिससे भी आपूर्ति शृंखला बाधित हो सकती है। पिछले वर्ष 4 अक्तूबर को सिक्किम के चुंगथांग में 1200 मैगावाट की तीस्ता जलविद्युत परियोजना का 60 मीटर ऊंचा कंक्रीट बांध हिमानी झील के फटने से आई बाढ़ में ढह गया था। इस तरह की घटनाओं की आशंका और भी बढ़ेगी, जिसका असर समग्र विकास पर पड़ेगा।

हमारे देश की राजनीतिक चेतना में जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान का मुद्दा कितने हाशिए पर है, इसे समझने के लिए दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों पर नजर डाली जा सकती है। सत्तारूढ़ भाजपा ने पर्यावरण को अपने घोषणा पत्र में पेज नंबर 71 पर जगह दी है। यह उसके घोषणा पत्र का समापन ड्क्षबदू है। वहीं कांग्रेस ने इसे अपने घोषणा पत्र में पेज 41 पर जगह दी है। जो उसका आखिरी अध्याय है। गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं और 2050 तक 20 फीसदी देश जल संकट से घिर सकते हैं। इसके साथ ही 2030 तक बढ़ते तापमान के कारण 2,50,000 लोगों की मौतें हो सकती हैं। वस्तुतरू गर्मी बढने से ऊर्जा की मांग बढ़ेगी, जिससे वायु प्रदूषण फैलेगा। एक और अनुमान है कि ग्लोबल वाघ्मग से 20 अरब डॉलर का आघ्थक नुकसान हो सकता है। कृषि पैदावार में गिरावट आने से भुखमरी बढ़ेगी और अकाल जैसे हालात बन सकते हैं।

# बेटिया कितनी सुरक्षित




–प्रो. मनोज डोगरा–


भारतीय समाज में बेटियों को शक्ति रूप में पूजा जाता है। कोई भी शुभ कार्य कन्यापूजन से प्रारंभ होता है। लेकिन उसी भारत में किसी समय बेटियों को न पढ़ाया जाता था, न नौकरी करने दी जाती थी, केवल सुख–दुख में अपने मायके में रहने की सीख देकर घर से विदा कर दिया जाता था। लेकिन आज वक्त का पहिया इस कदर घूमा है कि बेटियां अपने माता–पिता व क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। समाज का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें बेटियों ने अपनी काबिलियत का परचम न लहराया हो। चाहे खेल का मैदान हो या सेना का युद्ध का रण अथवा शिक्षा का मंदिर स्कूल या हाथों में वाहनों के स्टेयरिंग अथवा राजनीति या व्यवसाय जगत, हर एक दिशा में बेटियां नए मुकाम छू रही हैं। आज के दौर में बेटियों का राजनीति से लेकर प्रशासन तक में रुतबा है। वे अपनी कार्य कुशलता से राज्य, परिवार और समाज का नाम रौशन कर रही हैं। लेकिन इसी सिक्के के दूसरे पहलू पर गौर करें तो समाज में बेटियों व महिलाओं के प्रति अपराध दिन दोगुनी, रात चौगुनी गति से बढ़ते जा रहे हैं, चाहे बलात्कार हो,हिंसा, प्रताडना या यौन शोषण की घटनाएं हों। आए दिन समाचार सुर्खियों में कोई न कोई घटना देखने को मिल जाती है।

तमाम कानूनों और तरीकों को अपनाने के बाद भी हम महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध रोकने में असफल रहे हैं, इसलिए आवश्यक है कि समस्या का समाधान करने से पहले हमें समझना होगा कि आखिर इन अपराधों का मूल कारण क्या है? इसके कई कारण हो सकते हैं– न्यायालय में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों का लंबे समय तक लंबित पड़े रहना, सजा दिए जाने की दर में कमी, जांच करने वाले अधिकारियों का महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार न किया जाना आदि। कुछ तरीके अपनाकर महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों को मजबूत करने के साथ–साथ उन्हें सख्ती से लागू किया जाए, सरकार द्वारा सभी स्तरों पर महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिया जाए, फास्ट ट्रैक कोर्टों की स्थापना की जाए, महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने वाली संस्थाओं को मजबूत बनाया जाए, महिला थानों की संख्या के साथ–साथ महिला पुलिस अधिकारियों की संख्या को बढ़ाया जाए और हैल्पलाइन नंबर, फोरेंसिक लैब की स्थापना, सार्वजनिक परिवहन में सी.सी.टी.वी. और पैनिक बटन लगाने जैसी व्यवस्थाएं की तो गई हैं, मगर घटना होने पर अमूमन ये बंद ही पाए जाते हैं।

सबसे बढ़कर समाज की मानसिकता में बदलाव लाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बेटियों के बढ़ते रुतबे को देखकर 2015 में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की शुरुआत की थी ताकि देश में कोई भी बेटी ऐसी न हो जो अशिक्षित रह सके, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और आत्मनिर्भर बन सकें। महिलाओं की प्रतिष्ठा के वास्तविक सम्मान के लिए जो लड़ाई लडनी है, उसके लिए अभी मीलों का सफर तय करना है और हम यह तभी तय कर पाएंगे, जब महिलाएं अपने साथ होने वाले अपराधों को सहना छोड़कर उनके खिलाफ आवाज उठाएं तथा अपनी गरिमा के साथ कोई समझौता न करें। तभी ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। हमारा समाज आदर्शों व विचारों से प्रेरणा लेने वाला समाज है। इस समाज में सरकार से ज्यादा संस्कार प्रभावी हैं अतरू परिवार में अच्छे संस्कार देकर अपराधों को रोका जा सकता है। ऐसे जघन्य अपराधों के घटित होने के पीछे नशा भी एक बड़ा कारण है। नशे में धुत्त व्यक्ति बिना सुध–बुध के ऐसा खौफनाक कदम उठा लेता है, जिसकी आशंका खुद उसको भी नही होती और सामने वाले का जीवन संकट में पड़ जाता है। महिलाओं के प्रति सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। महिलाएं घर–गांव में ही स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगी तो आखिर कहां करेंगी।

# रैली में लोगों को लाने के लिए पैसे देते हैं सपा-कांग्रेस वाले - पीएम मोदी



**संवाददाता—श्रावस्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। इस दौरान उनके निशाने पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं। पीएम मोदी ने बुधवार को श्रावस्ती में एक बार फिर अखिलेश और राहुल गांधी पर हमला करते हुए उनकी रैलियों में हुई अराजकता का अलग ही कारण बताया। पीएम मोदी ने कहा कि सपा—कांग्रेस की रैली में लोगों को पैसे देकर बुलाया था। जब पेमेंट नहीं मिला तो लोग मंच पर चढ़ गए और अराजकता करने लगे। इससे पहले सीएम योगी ने भी सपा की रैलियों में अराजकता के लिए अखिलेश यादव पर हमला किया था। पिछले कुछ दिनों से लगातार अखिलेश की सभा में बवाल हो रहा है। लोग बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच जा रहे हैं। पहले इलाहाबाद के फूलपुर, फिर संतकबीरनगर और मंगलवार को आजमगढ़ के लालगंज में ऐसी ही स्थिति हो गई। फूलपुर में तो राहुल और अखिलेश यादव माइक टूट जाने से संबोधन भी नहीं कर सके थे।

पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कल मैंने एक वीडियो देखा था। जनसभा में पहुंचे लोग मंच पर ही चढ़ जा रहे थे। मैंने पूछा कि ऐसा क्यों हो रहा है। पता चला कि सपा—कांग्रेस वाले लोगों को जनसभा में लाने के लिए पैसे देते हैं। इन लोगों का पैसा नहीं दिया तो गुस्से में मंच पर चढ़ गए। पीएम मोदी ने कहा कि जिस पार्टी का यह हाल हो वह आपका क्या भला कर सकते हैं। पीएम मोदी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि शहजादे के कमांडो की तरह काम कर रहे एक नेता तीन चार दिन पहले तक ट्वीट कर मोदी को लगातार भला बुरा कहते थे। वह मुझे निवर्तमान प्रधानमंत्री मोदी लिख रहे थे। चौथे और पांचवें चरण के बाद निवर्तमान वाला मजाक भी छोड़ दिया है। कमांडो ने भी मान लिया है कि देश की जनता ने मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी फिर से आई हुई है। वहीं पुरानी फ्लाप फिल्म फिर से लांच हुई है। कहा कि मोदी ने आपका बैंक एकाउंट खुलाया, बिजली कनेक्शन दिया, नल लगवाया। यह लोग आएंगे तो आपका बैंक एकाउंट छीन लेंगे, पैसे ले लेंगे। आपका बिजली कनेक्शन कटवा देंगे और अंधेरा कर देंगे। आपके घर की पानी की टोटी भी खोलकर ले जाएंगे। कहा कि नोटों की गड्डियां मिल रही हैं। यह लोग कानून बदलकर भ्रष्टाचारियों को बचाएंगे। पहले डीजीपी बनाने के लिए रेट कार्ड फिक्स था। सड़क बने बिना पैसों का भुगतान हो जाता था। अब यह सब बंद हो गया है। जिसका इतना नुकसान होगा वह मोदी को गाली देगा या नहीं देगा। वह मेरे लिए बोले, मेरे परिवार केलिए बोले लेकिन मोदी को भ्रष्टाचार मंजूर नहीं है। कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है, माफियाओं पर आफत आई है। जिन जमीनों पर कब्जा किया था उन पर गरीबों के लिए घर बन रहे हैं। जिन गुंडों का नाम सुनते ही लोग कांपते थे, आज गले में तख्ती लटकाकर हाथ जोड़ते हैं कि मुझे जेल में भेज दो लिखकर थाने पहुंच रहे हैं। भाजपा यूपी को उस हालत में वापस नहीं जाने देगी, यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में कैंसर से भी भयंकर बीमारियां है। यह फैलते फैलते पूरे हिन्दुस्तान को तवाह कर दें ऐसी बीमारियां हैं। तीन बीमारियों से देश को सावधान रहना जरूरी है। यह लोग घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं।

# एमपी के सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा नेहरु की गलती से चीन ने कब्जा किया

**संवाददाता—महराजगंज।** नौतनवा के मुंदर प्रसाद इंटर कालेज, बरगदवा बाजार परिसर में बुधवार को भाजपा पार्टी की जनसभा आयोजित की गई।मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विरोधी दलों की निंदा की। 23 मिनट के संबोधन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन के महाकाल से मत्स्येंद्र नाथ गोरखनाथ का अटूट संबंध रहा है। महराजगंज जनपद भगवान बुद्ध के जन्मस्थली के नजदीक है, यह पवित्र नगरी है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां जनता द्वारा जनता के लिए जनता का चुनाव किया जाता है। पड़ोसी देश नेपाल का संबंध बहुत पुराना है। यहां खुली सीमा है। कांग्रेस नहीं बता पाएगी कि कितना गहरा संबंध है। नेहरू की गलती से चाइना ने कब्जा किया है, जो लंबे समय से कलंक रहा है। कांग्रेस ने लगातार देश को लज्जित करने का कार्य किया है। कांग्रेस के शासन काल में घोटाले पर घोटाले होते गए। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहे, लेकिन सरकार सोनिया गांधी चला रही थी। जब मोदी प्रधान मंत्री हुए तो कांग्रेस ने हंसी उड़ाई की चाय बेचने वाले से सरकार नहीं चलेगी। पाकिस्तान ने दो बार गलती किया तो सैनिकों ने घर में घुसकर मारा। जनता ने मोदी पर भरोसा किया किया तो पहली बार में ही नेस्तनाबूत कर दिया। जब जनता ने दोबारा मोदी




पर भरोसा किया तो कांग्रेस ने दुबारा हंसी उड़ाई थी। सीएम मोहन यादव ने कहा कि 2019 में 300 पार होने का सपना देखा तो काश्मीर से धारा 370 हटा दिया। भाजपा सरकार ने दुश्मनों को उखाड़ फेंका। नादान लोग (कांग्रेस) आज भी बोलते हैं कि श्मोदी का टीका है हम नहीं लगवाएंगेश। कोविड काल में मोदी सरकार ने घर पर भोजन पहुंचाने का कार्य किया। देश के 80 करोड़ लोगों को भोजन पहुंचाने का कार्य किया। कांग्रेस ने अपने शासन काल में पाठ्यक्रम में बदलाव किया था। इस मौके पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, ऋषि त्रिपाठी, जय मंगल कन्नौजिया, प्रेम सागर पटेल, ज्ञानेंद्र सिंह, राकेश मद्धेशिया, बृजेश मणि त्रिपाठी, प्रदीप सिंह, पूर्व डीजीपी विजय कुमार, उमेश जयसवाल, अजय श्रीवास्तव, नागेंद्र शुक्ला, कृष्ण मुरारी चौधरी, लालचंद चौधरी आदि लोग मौजूद रहे। मोहन यादव ने कहा कि जब मैं शिक्षा मंत्री था तो मध्यप्रदेश के पाठ्यक्रम में राम, कृष्ण को शामिल किया। राम कहां पैदा हुए कांग्रेस को पता नहीं। कांग्रेस 70 साल तक लोगों को भटकाती रही। आज भगवान राम का धाम अयोध्या जगमगा रहा है।

कृष्ण ने कंश को घर में घुसकर मारा था। मोदी ने अपने लिए कुछ नहीं किया, सब देश के लिए किया है। मोदी का सरकार बनाने का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास और फिर एक बार मोदी सरकार। भाजपा ने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने सबको मोदी सरकार बनाने के संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि सीएम मोहन यादव 12रू 40 बजे हेलीकॉप्टर से बरगदवा इंटर कालेज पहुंचे। हेलीपैड पर उनका भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत किया गया। दोपहर 12रू44 बजे मंच पर पहुंचे। 12रू46 पर बड़ी माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# पोस्टमार्टम हाउस से सीधे श्मशानघाट पहुंचा पुलिस की पिटाई से मृत युवक का शव, कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ अंतिम संस्कार



**संवाददाता—देवरिया।** पुलिस की पिटाई से मरे सतराव निवासी दद्दन का शव बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस से सीधे सरयू तट स्थित मुक्ति मार्ग कटइलवा ले जाया गया। वहाँ कड़ी सुरक्षा के बीच उसका अंतिम संस्कार हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी बरहज ने अपनी देखरेख में अंत्येष्टि कराई। मृतक के भतीजे रवि यादव ने मुखाग्नि दी। पोस्टमार्टम हाउस से अपर पुलिस अधीक्षक कड़ी सुरक्षा में शव लेकर सुबह दस बजे सरयू तट पर पहुंचे। उनके साथ क्षेत्राधिकारी आदित्य गौतम और बड़ी संख्या में पुलिस बल था। मुखाग्नि के समय पत्नी सुमन और बच्चों के चीत्कार के सबकी आंखे नम हो गई। घाट पर उपस्थित ग्रामीणों के चेहरे पर पुलिस प्रशासन के प्रति गुस्सा दिखा।ी फोर्स मौजूद रही। प्रभारी निरीक्षक बरहज राहुल सिंह, भलुअनी अर्चना सिंह, मइल से गोरख सरोज, मदनपुर रामाज्ञा सिंह, खुखुंदू दिलीप सिंह, कोतवाली देवरिया, गौरी बाजार के प्रभारी निरीक्षक सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। दद्दन के मौत की सूचना जंगल की आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई। उसके अंतिम संस्कार गाँव के लोगों के अलावा पूर्व विधायक स्वामी नाथ भाई, सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गेना लाल यादव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अवनीश यादव, बरहज विधानसभा अध्यक्ष राम बहादुर यादव, राजेन्द्र गौड़, अखिलेश चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, ओमप्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में सपा नेता पहुंचे। बड़ी संख्या में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओ को देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए। सीओ के निर्देश पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी थानाध्यक्षो ने जगह जगह खड़े होकर मोर्चा संभाल लिया।

# रामनगरी में मनाया गया माता जानकी का छठोत्सव

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या धाम में मनाया गया माता जानकी का छठ उत्सव। अयोध्या के सभी मंदिरों में 22 मई बुधवार को ब्रह्म मुहूर्त से ही छठोत्सव की तैयारी प्रारंभ हो गई सुबह अभिषेक किया गया नवीन वस्त्र धारण कराया गया आरती उतारी गई बधाई गण हुआ और 56 प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया जिसमें मुख्य रूप से दही बड़ा कड़ी पकौड़ा सम्मिलित रहा। भोग लगाने के बाद दर्शन के लिए आए भक्तों में प्रसाद भी वितरण किया गया। वहीं मधुर उपासना परंपरा की पीठ श्री राम आश्रम में माता जानकी का छठी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इससे पहले 17 मई को माता जानकी की जन्मजयंती उल्लास पूर्वक मनाई गई थी। श्रीरामजन्मभूमि के परकोटे रामकोट मोहल्ले में स्थित श्री राम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत जयरामदास वेदांती ने बताया मंदिर में मिथिला परंपरा के अनुसार 17 में को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ माता सीता का जन्मोत्सव मनाया गया और बुधवार के छठ उत्सव मनाया गया ब्रह्म मुहूर्त में पंचामृत से अभिषेक किया गया बधाई गण हुआ आरती उतारी गई छप्पन भोग में प्रमुख रूप से मिथिला विहार के मुख्य व्यंजन चूड़ा दही का भी भोग लगाया गया और प्रसाद भक्तों में वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्वाचार्यों के परंपरा के अनुसार मंदिर में सभी उत्सव मनाए जाते हैं लेकिन माता जानकी का जन्म उत्सव छठ उत्सव और विवाह प्रमुख है क्योंकि यह पीठ राम जी के साथ मिथिला से भी जुड़ी हुई है और माता जानकी के पर्व पर मिथिला के सैकड़ो भक्ति सम्मिलित होते हैं।

# सीमा पर दिखें संदिग्ध तो दें एसएसबी को सूचना

**संवाददाता—श्रावस्ती।** 62वीं वाहिनी एसएसबी की ओर से बुधवार को अहलाद नगर में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक कमांडेन्ट केएच नाभा चंद्रा सिंह ने समिति सदस्यों व ग्रामीणों से उनकी समस्या जानी। इसके साथ ही लोगों को सीमा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों के दिखने पर एसएसबी को सूचना देने को कहा। उन्होंने कहा कि सीमा पर आराजक तत्व अवैध और भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं। यदि कोई भी गलत व संदिग्ध गतिविधियों का पता चलता है तो तुरंत नजदीकी एसएसबी कैम्प में सूचित करें। ताकि कोई भी दुर्घटना को समय से रोका जा सके। देश सुरक्षित है तभी हम सब सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी तैनात है जो सभी गतिविधियों पर नजर रख रही है। इसमें आप सभी के सहयोग की जरूरत है। बैठक में निरीक्षक चंद्रसेन कुमार, सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार, मुख्य आरक्षी लखवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# माता जानकी की मुख्य सहेली थी चंद्रकला महारानी -रामप्रिया शरण

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**



अयोध्या। श्री राम नगरी में संतो की अनेक परंपराएं है। जिसमें से एक रसिक परंपरा है और रसिक परंपरा कि सिद्ध पीठ श्री रसमोद कुंज में निरंतर उत्सव आनंद चलता ही रहता है इसी क्रम में माता जानकी का छठोत्सव और उसके मुख्य सहेली सर्वेश्वरी श्रीमती चंद्रकला महारानी का जन्मोत्सव मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रामप्रिया शरण गिरधारी महाराज के संयोजन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वेश्वरी चंद्रकला जी महारानी का जन्म वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि को माता जानकी के छठी के दिन हुआ था। महारानी के छठ उत्सव पर प्रातरूकाल मठ में कई धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। उसके बाद श्री सर्वेश्वरी चंद्रकला महारानी जू का भव्य श्रृंगार कर पूजन—अर्चन किया गया। मंदिर के पुजारी ने सर्वेश्वरी चंद्रकला महारानी को भोग लगाकर दिव्य आरती उतारी और सायंकाल बधाई गाई गई जिसमें अयोध्या के संत महंत सहित कई श्रद्धालु उपस्थित होकर के महारानी जी का छठोत्सव मनाए।

श्री रसमोद कुंज पीठाधीश्वर महंत रामप्रिया शरण गिरधारी महाराज ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को सर्वेश्वरी चंद्रकला महारानी जू का छठोत्स धूमधाम से मनाया गया। सायंकाल जन्म बधाई का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपने—अपने गायन—वादन से भक्तगणों को मंत्रमुग्ध किया। कलाकारों को न्यौछावर भी भेंट हुआ।मठ उत्सव के रंग में डूबा रहा। अंत में संत—महंत और भक्तगणों को प्रसाद बांटा गया।इस अवसर पर व्यास राघवेंद्र शरण, व्यास ओंकार जी, राजेंद्र पांडेय, लालजी शरण, सुबोध, शरद, माधव, पुजारी रामस्वरूप शरण, जयराम दास, पंडित शेषनारायण त्रिवेदी, युगल शरण, कनक बिहारी, विमल, व्यास लक्ष्मण पांडेय, दिग्विजय, रामभरोसे जी आदि समेत मंदिर के शिष्य—अनुयायी, परिकर उपस्थित रहे।

# घर—घर बांटा आमंत्रण पत्र व अक्षत, ताकि लोकतंत्र बने मजबूत

**संवाददाता—बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए विद्यालय के छात्र—छात्राओं ने मतदान जागरूकता रैली निकली। रैली के माध्यम से छात्रों व प्रधानाध्यापक राम वचन ने मतदाताओं के घर—घर जाकर आमंत्रण पत्र और अक्षत देकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। लोगों से कहा गया कि मतदाता अधिक से अधिक मतदान करेंगे तभी लोकतंत्र मजबूत होगा।

महराजगंज राजकीय विद्यालय के छात्र—छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से घर—घर जाकर आमंत्रण पत्र व अक्षत देकर 25 मई को मतदान को महापर्व के रूप में मनाने की अपील की। कहा कि सभी लोग अपने घरो से निकालकर बूथ पर जाकर सशक्त भारत के लिए मतदान करेंगे। छात्र—छात्राओं ने घर—घर चौखट पर जाकर कहा कि पहले मतदान फिर जलपान, मतदान हमारा पूरा अधिकार है। हम अपने मत का प्रयोग करके एक अच्छे नेता को चुन सकेंगे। हम अपने मत का प्रयोग कर देश के विकास के लिए अच्छा रहनुमा चुन सकेंगे।

यह चुनाव ही हमारे देश का भविष्य तय करेगा। सभी लोग मतदान करें और इस अपील को अपने तक सीमित न रखकर अपने पास पड़ोस व रिश्तेदार के मतदाताओं को भी वोट करने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। हर मतदाताओं को मतदान कर भारत को मजबूत बनाना है। प्रधानाध्यापक राम बचन ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र के इस महापर्व को मजबूत बनाते हुए साफ और ईमानदार से सरकार बनाना होगा। इसके लिए सभी को मिलकर अधिक से अधिक मतदान करना होगा।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**संवाददाता—गोण्डा।** पत्नी के मायके से ससुराल ना आने पर पीड़ित पति ने कई बार ससुराल जाकर पत्नी को मनाने की कोशिश किया। लेकिन वह पति के साथ आने को तैयार नहीं हुई। जब कोई रास्ता नहीं बचा तो ससुराल से लौट कर आए पति ने अपने कमरे में छत के कुंडे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब परिवार वालों कोई इसकी जानकारी हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोण्डा जिले के इटियाथोक थाना के गांव मोहनपुर असिधा में पति—पत्नी के विवाद में खौफनाक कांड हो गया। युवक अपनी पत्नी को मायके से घर ले जाने के लिए काफी दिनों से प्रयासरत था। लेकिन वह पति के साथ चलने को राजी नहीं हुई। दोनों के बीच इस बात को लेकर कोर्ट में मुकदमा भी हुआ। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर युवक काफी



दिनों से मानसिक तनाव में था। आखिरकार, मंगलवार की रात को युवक ने अपने ही घर में छत के कुंडे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। बता दें कि मोहनपुर असिधा गांव के रहने वाले शिव पूजन (30) पुत्र राम अवध गौतम का विवाह करीब आठ वर्ष पूर्व बहराइच जनपद के विशेश्वरगंज थाना के सरकाही गांव में संगीता (27) के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद तक सब कुछ ठीक—ठाक रहा। उसके बाद पति—पत्नी के बीच में कुछ मनमुटाव हो गया। जिसके चलते संगीता मायके में ही अपने सात वर्षीय पुत्र नितिन को लेकर रहने लगी। स्वजनों की मानें तो शिवपूजन ने पत्नी और अपने बेटे को घर लाने के लिए कई बार प्रयास किया। लेकिन पत्नी नहीं मानी। इसी बात से क्षुब्ध होकर शिवपूजन ने खौफनाक कदम उठा लिया। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# गला दबाकर हुई थी विवाहिता की हत्या, तीन गिरफ्तार

**संवाददाता—गोण्डा।** थानाक्षेत्र के साकीपुर गांव में बीते 13 मई को अपने घर में विवाहिता की लाश फंदे से लटकी मिली थी। परिजनों ने उसके खुदकुशी करने की बात कही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विवाहिता की गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई है। इसके बाद मुकदमा हत्या समेत कई धाराओं में तरमीम कर लिया। साथ ही पति समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।बीते 13 मई को विवाहिता के पिता ने बेटी के पति समेत ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज के लिए निरन्तर प्रताड़ित करने और मारने—पीटने का आरोप लगाया था। पिता समसुद्दीन द्वारा दी गई तहरीर में आए दिन के प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर बेटी द्वारा दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया गया था। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने के इस मामले मे नया मोड़ आ गया है। पुलिस का मानना है की हत्या किए जाने बाद विवाहिता के शव को छत में लगे लोहे के राड से टांग दिया गया था। उसकी कोहनी में चोट के निशान भी मिले हैं। पति और सास—ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्ताररू दहेज हत्या के मामले में आरोपित पति लाल मोहम्मद श लल्लूश, ससुर शफात मोहम्मद और सास रिजवाना को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए बुधवार को मजिस्ट्रेट के समक्ष रिमांड के लिए प्रस्तुत किया। इस मुकदमे में विवाहिता की ननदें भी नामजद हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान मे लटकती मिली युवक की लाश

**संवाददाता—बहराइच।** बहराइच— बलरामपुर हाईवे के बहादुरचक चौराहे स्थित बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान के अंदर युवक की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकती मिली है। बुधवार सुबह जब परिजन आए, तो बाहर युवक का मोबाइल पड़ा था। परिजनों ने भूमि विवाद या आशनाई में हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। श्रावस्ती जिले के गिलौला थाने के मनोहरापुर निवासी 19 वर्षीय अब्दुल कय्यूम पुत्र अब्बास अली की देहात कोतवाली के बहराइच— बलरामपुर हाईवे के बहादुरचक चौराहे के पास बिल्डिंग मेटेरियल की दुकान है। जिस पर अब्बास अली के दो बेटे बैठते थे। दो माह पूर्व इस इलाके में हुई चोरियों की वारदात के बाद से दुकान में रात को परिवार का कोई एक व्यक्ति सोता था।

मंगलवार रात अब्दुल कय्यूम मनोहरापुर से भोजन कर बाइक से दुकान में सोने पहुंचा। बुधवार सुबह जब दुकान खोलने बड़ा भाई पहुंचा, तो शटर के बाहर अब्दुल कय्युम का मोबाइल पाया। जब शटर खोला तो उसे अनलाक पाया। अंदर का नजारा देख वह सन्न रह गया। अंदर अब्दुल कय्यूम का शव रस्सी के फंदे से लटक रहा था। उसके दोनों पैर भूमि पर लग रहे थे। इसकी जानकारी घर के अन्य परिजनों को लगी तो रोते बिलखते परिजन दुकान पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तहकीकात शुरू की। फील्ड यूनिट ने भी तहकीकात की। मृतक के बड़े भाई अलीम के अनुसार उनका भूमि विवाद चल रहा है। कय्यूम किसी युवती से भी मोबाइल पर बातचीत करता था। उसने भूमि विवाद या आशनाई में हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाल बृजेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट आने पर स्थित साफ होगी।

# लाउडस्पीकर से लोगों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**संवाददाता—बहराइच।** बुधवार ग्राम सचिवालय लखौरा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत क्षेत्र के सभी पंचायत सहायक व रोजगार सेवकों को मतदान की शपथ ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने दिलाई। महमूद नगर साप्ताहिक बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता एवं एनआरएलएम के बीएमएम शुभम के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में समूह की महिलाओं एवं अन्य कर्मियो की ओर से मतदान आमंत्रण पत्र व हैंड बिल वितरण किया गया। साथ ही समूह की महिलाओं ने लोगो को राखी बांधकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ लाउडस्पीकर पर लोक गीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यकम में पंचायत सहायक सत्यदेव यादव, दिनेश, संदीप, रोजगार सेवक अमरेश, सत्यदेव मिश्र व प्रकाश सहित भारी संख्या में विभिन्न गांवो के लोग मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने प्रधान की बहाली पर लगाई रोक

**संवादददाता—महराजगंज।** हाईकोर्ट की डबल बेंच ने मिठौरा ब्लाक के मधुबनी गांव के प्रधान की बहाली पर रोक लगा दी है। इससे प्रधान अब फिर से वित्तीय व प्रशासनिक कार्य नहीं कर पाएंगे। पीएम आवास योजना में अपात्रों को आवास दिए जाने का मामला पकड़ में आने के बाद तत्कालीन डीएम सत्येन्द्र कुमार ने प्रधान का वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिया था। इसके विरोध में प्रधान हाईकोर्ट चले गए थे। इसके बाद हाईकोर्ट ने प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज करने के आदेश पर रोक लगा लगाई। जिसके क्रम में वर्तमान डीएम ने प्रधान को बहाल कर दिया। डीएम के इस बहाली के आदेश के खिलाफ विपक्षी दोबारा कोर्ट चले गए। जिसपर हाईकोर्ट ने प्रधान के बहाली के आदेश पर फिर से रोक लगा दी है।

# साथी को शिक्षक संघ ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**संवाददाता—गोण्डा।** प्राथमिक शिक्षक संघ के मुजेहना ब्लाक कोषाध्यक्ष व प्राथमिक विद्यालय गोप्तारपुरवा के प्रधानाध्यापक प्रेमचंद वर्मा का लंबी बीमारी के बाद हाल ही में निधन हो गया। बुधवार को बीआरसी मुजेहना पर शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में बीईओ सहित शिक्षकों ने अपने दिवंगत साथी के कार्यों को याद किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप पाठक ने कहा कि दिवंगत शिक्षक प्रेमचंद वर्मा शिक्षक हितों के लिये सदैव तत्पर रहते थे। उनके निधन से संगठन और बेसिक शिक्षा परिवार में जो रिक्तता आई है उसकी भर पायी मुश्किल हैद्य। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर और दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

इस अवसर पर बीईओ मुजेहना हेमलता त्रिपाठी , एआरपी महेश चौधरी, सुनील वर्मा, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष व शिक्षक नेता हरि प्रसाद वर्मा, राहुल वर्मा, रामभवन वर्मा, बृजेंद्र कुमार सिंह, शुभम सोनकर, प्रेम प्रकाश सोनकर, काली प्रसाद वर्मा, काशीराम मौर्या, विवेक तिवारी, बलजीत वर्मा, शिवचंद्र वर्मा, कुलदीप शुक्ला, अभिषेक त्रिपाठी, शिवम पाठक, शुभम पटेल, परमजीव, विशाल वर्मा, अशोक मौर्य, गणेश कुमार, मदन कुमार वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, नीलम सिंह, भोलानाथ गुप्ता, प्रदीप कुमार, संजीव सहित बड़ी संख्या शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहें।

# घर में घुसे चोरों ने लाखों के जेवर—नकदी पार की

**संवाददाता—गोण्डा।** थानाक्षेत्र के कनकपुर गांव में बुधवार के भोर में एक घर में घुसकर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात समेत कुछ नकदी भी उड़ा ले गए। घटना की सूचना पर फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया गृहस्वामी के तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई तहरीर में विकास तिवारी पुत्र विजय तिवारी ने बताया कि मंगलवार के देरशाम गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने उनका पूरा परिवार गया था।

# भूमि विवाद में हमलावरों ने पिता— पुत्र को घायल किया

**संवाददाता—बहराइच।** श्रावस्ती के गिलौला से अपने गांव पहुंचे युवक को मंगलवार रात घेराबन्दी कर हमला कर घायल कर दिया। उसे बचाने आए पिता को भी हमलावरों ने पीट कर घायल कर दिया। हमले की वजह भूमि विवाद बताई जा रही है। घायलों को पुलिस ने मेडिकल को पयागपुर सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पयागपुर थाने के चंदईपुर गांव निवासी 40 वर्षीय कमला प्रसाद पुत्र नानमून मंगलवार रात श्रावस्ती जिले के गिलौला से गांव आए। वह गांव के मुहाने पर पहुंचे ही थे, तभी घेराबन्दी किए हमलावरों ने उन पर लाठी—डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की चीख सुनकर खेत में मौजूद उसका पिता 75 वर्षीय नानमून पुत्र जुड़ावन उसे बचाने पहुंचा, तो हमलावरों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को थाने पहुंचाया।

